# भाइयों को फंसाने के लिए पिता ने बुझा दिया अपने घर का चिराग

## 13 वर्षीय बेटे की गला दबाकर हत्या कर तालाब में फेंका शव

**जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा** : जमीन के लालच में बुधवार रात भाइयों को फंसाने के लिए पिता ने 13 वर्षीय बेटे सुधांशु की गला दबाकर हत्या कर दी। बेटे के लापता होने की कहानी गढ़ते हुए स्वजन के साथ तलाश करने का नाटक किया। सीसीटीवी में उसकी करतूत सामने आई तो उसने आत्महत्या का प्रयास किया।

प्रदीप भाटी का 13 वर्षीय बेटा सुधांशु कक्षा आठ का छात्र था। बुधवार रात वह नौ बजे घर से निकला और गायब हो गया। चाचा मोहित ने गुमशुदगी दर्ज कराई। प्रदीप स्वजन के साथ बेटे की तलाश करता रहा। गुरुवार शाम करीब सात बजे गांव के बाहर तालाब में सुधांशु का शव मिला। प्रदीप ने भाइयों पर ही सुधांशु का अपहरण कर हत्या का आरोप लगाया।

पुलिस ने घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में रात नौ बजे बाहर खड़ी कार में पहले सुधांशु और कुछ देर बाद प्रदीप बैठते दिखा। दो घंटे बाद कार लेकर प्रदीप लौटा तो सुधांशु साथ नहीं था। ग्रामीणों और पुलिसकर्मियों ने उसे दबोचा तो ब्लेड से गले पर वार कर आत्महत्या की कोशिश की। ग्रामीणों ने बताया कि चारों भाइयों की गांव के बाहर दो बीघा जमीन है। उसी में दुकान की जमीन को लेकर प्रदीप का भाइयों से विवाद चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र शुक्ला ने बताया कि प्रदीप को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**बेटे की हत्या कर भाइयों को दी थी फंसाने की धमकी** : हत्यारोपित प्रदीप चार भाइयों में दूसरे नंबर का है। सबसे बड़े संदीप भाटी हैं, तीसरे नंबर पर मोहित व सबसे छोटा रोहित है। एक माह पहले संदीप ने दुकान का निर्माण कराने के लिए पिलर खड़े कराने शुरू किए थे, तब दुकान के लालच में प्रदीप ने विवाद कर दिया। दोनों छोटे भाइयों ने भी संदीप का पक्ष लेते हुए प्रदीप से मारपीट की थी। तब ही प्रदीप ने भाइयों को धमकी दी थी कि बेटे की हत्या कर उन्हें फंसा देगा। उसने तीनों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कराया था। दुकान की जमीन पर निर्माण कार्य रुकवाने कोर्ट से स्टे आर्डर तक ले आया था। परिवार में पत्नी सोनी व बड़ी बेटी निधिका है। बेटा सुधांश सबसे छोटा था।



सुधांशु की हत्या का आरोपित पिता प्रदीप कुमार ब्लेड से गले पर वार करके आत्महत्या का प्रयास करने के दौरान पकड़ते ग्रामीण● सौ. सुधी पाठक



सुधांशु

# जालंधर में दो दिन की रेकी, धमाके के बाद भागा आरोपित दिल्ली से दबोचा

**बीएसएफ के पंजाब फ्रंटियर मुख्यालय के बाहर धमाके का मामला, सीआइए स्टाफ जालंधर व दिल्ली पुलिस टीम ने पकड़ा**

**जागरण संवाददाता, जालंधर**: जालंधर में बीएसएफ के पंजाब फ्रंटियर मुख्यालय के बाहर मंगलवार को हुए बम धमाके के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कूड़े के डिब्बे में बम रखने के मामले में एक आरोपित को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और उससे सीआइए स्टाफ पूछताछ कर रही है। आरोपित ने बम खुद रखा था या फिर उसकी डिलीवरी दी थी, यह पता लगाया जा रहा है। आरोपित वारदात को अंजाम देने के बाद जालंधर बस स्टैंड पहुंचा था और वहां से दूसरे शहर के लिए बस पकड़ी और बाद में दिल्ली जाकर छिप गया था। इस मामले में पुलिस ने कोई पुष्टि तो नहीं की, लेकिन बताया जा रहा है कि आरोपित को पुलिस जालंधर ले आई है। सीआइए स्टाफ जालंधर और दिल्ली पुलिस की टीम ने संयुक्त आपरेशन चलाकर उसे पकड़ा। जल्द ही पुलिस पत्रकार वार्ता कर जानकारी दे सकती है।

जांच में पता चला है कि आरोपित ने वारदात को अंजाम देने से पहले दो दिन तक इलाके की रेकी की थी। धमाके के तुरंत बाद आरोपित फरार हो गया था। पुलिस ने बस स्टैंड और रास्ते में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के जरिये उसकी लोकेशन ट्रेस की।

**पार्सल देने आए युवक को क्लीन चिट**: घटना के बाद पुलिस ने उस युवक गुरप्रीत से भी पूछताछ की, जिसकी एक्टिवा के पास रखे कूड़ेदान में धमाका हुआ था। गुरप्रीत ने पुलिस को बताया कि वह केवल पार्सल देने के लिए वहां आया था। इसी दौरान धमाका हो गया। पुलिस ने युवक की गतिविधियों और बयान की जांच के बाद उसे क्लीन चिट दी है। आरोपित को यह पता था कि डिलीवरी देने वाला युवक अक्सर उसी स्थान पर अपनी एक्टिवा खड़ी कर पार्सल देने जाता है।

धमाके के बाद शुक्रवार को भी फोरेंसिक और पुलिस टीमें बीएसएफ मुख्यालय के बाहर पहुंची और जांच की।


**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्लाट सं. 01, नालेज पार्क-IV, ग्रेटर नौएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201308
वेबसाइट: www.greaternoidaauthority.in ई-मेल: authority@gnida.in

पत्रांक: सम्पत्ति / किसान–आबादी / 2026 / 2967 दिनांक: 08 / 05 / 2026

**सार्वजनिक सूचना**

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण की 128वीं बोर्ड बैठक दिनांक 28.12.2022 के मद सं. 39 के अन्तर्गत निर्धारित नीति के क्रम में नियोजन उपरान्त नियोजन विभाग से प्राप्त सूची में उल्लिखित **ग्राम – बिसरख जलालपुर** के किसान आबादी के समान आकार के नव–नियोजित भूखण्डों का निम्न सूची के अनुसार सम्बन्धित कृषकों के मध्य ड्रा के माध्यम से दिनांक **12.05.2026** को प्रातः **11:30 बजे** ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण के बोर्ड रूम / सभागार में ड्रा / आवंटन की कार्यवाही किया जाना नियत हैः–

| क्र. सं. | कृषक का नाम | भूखण्ड का आकार (वर्ग मी. में) | नियोजित भूखण्ड संख्याएं, जो ड्रा के माध्यम से आवंटित की जानी हैं |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री शीशपाल पुत्र काले | 50 | A-1, A-2, A-3, A-4 |
| 2. | श्री जगपाल पुत्र काले | 50 | |
| 3. | श्री प्रकाश पुत्र हरकिशन | 50 | |
| 4. | श्री हंसराज पुत्र हरकिशन | 50 | |
| 5. | श्री कुढ़िया पुत्र लच्छू | 160 | A-10, A-11, A-12, A-13 |
| 6. | श्री राजवीर पुत्र लच्छू सिंह | 160 | |
| 7. | श्री किरन पुत्र लच्छू सिंह | 160 | |
| 8. | श्री ब्रम्ह सिंह पुत्र लच्छू सिंह | 160 | |

अतः सूची में उल्लिखित कृषक ससमय से अपनी पहचान के रूप में आधार कार्ड व नक्शा–11 के साथ ड्रा की कार्यवाही में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

विशेष कार्याधिकारी (किसान आबादी)

Follow Us On / OfficialGNIDA



**SBI स्ट्रेस्ड एसेट्स मैनेजमेंट ब्रांच II, कोलकाता** — **ई–ऑक्शन नोटिस**
'जीवनदीप बिल्डिंग', 10वीं मंज़िल, 1, मिडलटन स्ट्रीट, कोलकाता - 700071
ई-मेल: sbi.18192@sbi.co.in

ऑथराइज़्ड ऑफिसर की डिटेल्स: नाम: सुरेश चंद्र पांडा, ई-मेल ID: clo1.samb2kol@sbi.co.in, मोबाइल नंबर 9810562803
डीलिंग ऑफिसर का नाम: बिप्लब कुमार. बिस्वास, कंपनी, मोबाइल नंबर 9674719435

**अपेंडिक्स IV-A**
**[नियम 8(6) का प्रोविज़ो देखें]**
**अचल प्रॉपर्टीज़ की बिक्री के लिए सेल नोटिस**

सिक्योरिटाइज़ेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ़ फ़ाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफ़ोर्समेंट ऑफ़ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के तहत अचल एसेट्स की बिक्री के लिए ई-ऑक्शन सेल नोटिस, सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफ़ोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के प्रोविज़ो के साथ पढ़ें।

**ई-ऑक्शन की तारीख और समय : तारीख : 26.05.2026**
**समय: सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक, हर बोली के लिए 10 मिनट के अनलिमिटेड एक्सटेंशन के साथ।**

इसके द्वारा आम जनता को तथा विशेष रूप से ऋण लेने वाले(ओं) तथा ज़मानत देने वाले(ओं) को यह सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां, जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी रखी/भारित हैं, जिनका भौतिक कब्ज़ा भारतीय स्टेट बैंक के प्राधिकृत अधिकारी, सुरक्षित लेनदार द्वारा ले लिया गया है, उन्हें **"जैसा है जहां है", "जैसा है जो है"** तथा **"जो कुछ भी है"** के आधार पर **26.05.2026** को बेचा जाएगा। **इससे 15.12.2014 तक 70,82,68,899.37 रुपए (सत्तर करोड़ बयासी लाख अड़सठ हजार आठ सौ निन्यानवे रुपए तथा सैंतीस पैसे मात्र)** रुपए की वसूली होगी तथा साथ ही 16.12.2014 से उस पर ब्याज, लागत, आकस्मिक शुल्क आदि भी वसूल किए जाएंगे, जो ऋण लेने वाले **मेसर्स सिद्धि रिफॉइल्स एण्ड इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड** से सुरक्षित लेनदार को देय है। इसका पंजीकृत कार्यालय **24ए, शेक्सपियर सरणी, "पारिजात अपार्टमेंट" दूसरी मंजिल, कमरा नं.6, कोलकाता-700017, पश्चिम बंगाल** में है और इसके निदेशक और गारंटर **(I) श्री नवल किशोर बांका, पुत्र स्वर्गीय बनवारीलाल बांका,** 8/1/3, लाउडन स्ट्रीट, कोलकाता-700017, **(II) श्री नवल किशोर मोरे,** पुत्र - मुरली धारा मोरे, 8/1/3, लाउडन स्ट्रीट, कोलकाता - 700017, और कॉर्पोरेट गारंटर **(III) मेसर्स जलश्री बालाजी फैट्स एंड ऑल्स प्राइवेट लिमिटेड,** 24ए, शेक्सपियर सरणी, "पारिजात अपार्टमेंट" दूसरी मंजिल, कमरा नं.6, कोलकाता - 700017, पश्चिम बंगाल, **(iv) मेसर्स सिद्धि विनायक इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड,** 24ए, शेक्सपियर सरणी, दूसरी मंजिल, कमरा नं.6, कोलकाता -700017, पश्चिम बंगाल, **(v) मेसर्स गणेश मल्टीप्लेक्स प्राइवेट लिमिटेड,** 24A, शेक्सपियर सरानी, "पारिजात अपार्टमेंट", दूसरी मंज़िल, कमरा नंबर 6, कोलकाता-700017, पश्चिम बंगाल।

| अचल प्रॉपर्टी का छोटा विवरण, अगर कोई हो तो, ज्ञात बोझ के साथ। | A) रिज़र्व प्राइस B) अर्नेस्ट मनी डिपॉज़िट (EMD) |
|---|---|
| ज़मीन का एरिया लगभग 1 बीघा या 976 वर्ग गज, बिल्डिंग और शेड के साथ, खसरा नंबर 63/19 (1-00), गैल नंबर 18 में, गांव टिकरी कलां, तहसील / सब-तहसील-SRII-A पंजाबी बाग, नई दिल्ली-110041 की रेवेन्यू एस्टेट में। प्रॉपर्टी **डीड नंबर 4829,** बुक नंबर 1, वॉल्यूम नंबर 1495, पेज 82 से 87, तारीख 26.07.2010, गणेश मल्टीप्लेक्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर सब-रजिस्ट्रार, SR II-A पंजाबी बाग, नई दिल्ली में रजिस्टर्ड। बोझ: पता नहीं। **(फिजिकल क जे में)।** | A) Rs. 2,20,00,000.00 B) Rs. 22,00,000.00 |
| **प्रॉपर्टी इंस्पेक्शन: तारीख: 20.05.2026, दोपहर 12.00 बजे से 3.00 बजे तक** | BLD इंक्रीमेंट अमाउंट : Rs. 1,00,000.00 |

नीलाम की जाने वाली प्रॉपर्टी की डिटेल्स और बिक्री के टर्म्स एंड कंडीशंस के लिए, कृपया स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, सिक्योर्ड क्रेडिटर की वेबसाइट https://sbi.bank.in/, ऑक्शन कंडक्टर की वेबसाइट https://baanknet.com पर दिए गए लिंक को देखें।

तारीख: 09.05.2026, जगह: कोलकाता — ऑथराइज़्ड ऑफिसर, स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया


# थैलेसीमिया मेजर प्रभावित बच्चों का जन्म रोकने को अनिवार्य होगी गर्भवती की जांच

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली**: राष्ट्रीय राजधानी में थैलेसीमिया मेजर से प्रभावित बच्चों के जन्म रोकने के लिए गर्भवती महिलाओं की अनिवार्य थैलेसीमिया जांच होगी और विधानसभा में विधेयक लाकर इस पर कानून बनाया जाएगा। यह बात विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कही। वह शुक्रवार को विधानसभा परिसर में आयोजित नेशनल थैलेसीमिया वेलफेयर सोसायटी (एनटीडब्ल्यूएस) के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम में भाग ले रहे थे। विशेषज्ञों ने कहा कि गर्भधारण से पहले या गर्भावस्था के शुरुआती चरण में वाहक जांच और प्रसवपूर्व परीक्षण के माध्यम से थैलेसीमिया मेजर से प्रभावित बच्चों के जन्म को रोका जा सकता है। कार्यक्रम में सोसायटी के महासचिव डा. जेएस अरोड़ा, पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री हंसराज गंगाराम अहीर, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की वरिष्ठ विशेषज्ञ विनीता श्रीवास्तव, दिल्ली विधानसभा के सचिव रंजीत सिंह, एम्स हेमेटोलाजी विभागाध्यक्ष डा. मनोरंजन महापात्र भी उपस्थित थे।


**CRIS रेलवे सूचना प्रणाली केन्द्र**
चाणक्यपुरी, नई दिल्ली – 110021 फोनः 24106717, 24104525

**निविदा संख्या**: 01265043बी
**निविदा शीर्षक**: क्रिस चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में स्थापित IP PBX प्रणाली के 03 वर्षीय वार्षिक रखरखाव एवं तकनीकी सहायता हेतु निविदा। **समापन की तिथिः** 02.06.2026 (मंगलवार) को 15:30 बजे से। दस्तावेज IREPS की वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। आगे संशोधन / विस्तार के लिए www.ireps.gov.in देखें।



संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार

**राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र,**
(राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद की इकाई)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार
प्रगति मैदान, निकट गेट न.-4, भैरों रोड नई दिल्ली – 110001

**विज्ञापन संख्या :06/2026**
**वॉक-ईन-टेस्ट**

योग्य उम्मीदवारों को राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र, दिल्ली में निम्नलिखित प्रशिक्षु शिल्प {फिटर (02), बढ़ई(02)} की नियुक्ति हेतु वॉक-इन-टेस्ट के लिए आमंत्रित किया जाता है। प्रशिक्षुता की अवधि प्रारंभिक एक वर्ष के लिए होगी, (जिसे आगामी एक और वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है, यह प्रशिक्षुता उम्मीदवार के पहले वर्ष के दौरान संतोषजनक प्रदर्शन और केंद्र के विवेक पर निर्भर करेगी)।

वॉक-ईन-टेस्ट दिनांक **16-05-2026 को सुबह 09:30 बजे** से उपरोक्त ट्रेड के लिए राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र, दिल्ली में आयोजित किया जाएगा, आवेदन पत्र एवं उक्त पदों की अधिक जानकारी के लिए कृपया केन्द्र की वेबसाइट **http.//nscd.gov.in/career** का अवलोकन करें।



**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**राष्ट्रीय सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख वृत्ति आयोग (एनसीएएचपी)**
**सार्वजनिक नोटिस**

"रजिस्ट्रीकृत सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्तिक (वृत्तिक आचरण एवं नैतिकता) विनियम, 2026" का मसौदा, 'राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्ति आयोग (NCAHP)' की वेबसाइट के माध्यम से सार्वजनिक डोमेन में रखा गया है। यह कदम 'राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्ति आयोग अधिनियम, 2021' के प्रावधानों के तहत उठाया गया है, और इसके माध्यम से आम जनता, विशेषज्ञों, हितधारकों तथा विभिन्न संगठनों आदि से टिप्पणियाँ आमंत्रित की गई हैं।

2. उपर्युक्त मसौदा विनियमों पर, यदि कोई आपत्ति, सुझाव/टिप्पणी हो, तो उसे दिनांक 28.05.2026 तक, **ncahp.regulations@ncahp.mohfw.gov.in** पर ईमेल द्वारा भेजा जा सकता है।

सचिव, एनसीएएचपी

CBC 17101/11/0005/2627



**भारतीय खेल प्राधिकरण**
**भारत सरकार**
**खेल विभाग**
(युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय)
**(मानव संसाधन प्रभाग -II)**
जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम कॉम्प्लेक्स (पूर्वी गेट-10), लोधी रोड, नई दिल्ली-110003

F.No. 01–04001(03)/1/2026/262 दिनांक : 30.04.2026

**संशोधन सूचना**

**भारतीय खेल प्राधिकरण में प्रतिनियुक्ति के आधार पर सहायक निदेशक के पद पर नियुक्ति के संबंध में आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि में 15 दिनों का विस्तार**

भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI), जो युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संगठन है तथा सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकृत है, द्वारा सहायक निदेशक के पद पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सम संख्या के विज्ञापन दिनांक 23.03.2026 के क्रम में, उक्त पद हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की **अंतिम तिथि को 15 दिनों के लिए बढ़ाया जाता है**, अर्थात अब आवेदन **दिनांक 15.05.2026 को सायं 05:00 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे**। विज्ञापन की अन्य सभी शर्तें एवं प्रावधान यथावत रहेंगे।

सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन **दिनांक 15.05.2026 तक या उससे पूर्व** "निदेशक (HRD–II) का कार्यालय, कक्ष संख्या 210, द्वितीय तल, भारतीय खेल प्राधिकरण, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम (गेट–10), लोदी रोड, नई दिल्ली–110003" में प्राप्त हो जाने चाहिए अथवा ई–मेल "**recruitment.cell.sai@gov.in**" पर प्रेषित किए जा सकते हैं। विस्तृत विवरण एवं आवेदन प्रपत्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की वेबसाइट **www.yas.nic.in** तथा भारतीय खेल प्राधिकरण की वेबसाइट **www.sportsauthorityofindia.nic.in** पर उपलब्ध है।

उप निदेशक (मानव संसाधन प्रभाग–II)
भारतीय खेल प्राधिकरण मुख्यालय

CBC 47103/11/0011/2627



